# खेल

बाहर से पत्ती और कंकड़ या कोई भी दो अलग–अलग चीज़ें जैसे कंकड़ और पत्तियाँ ले आओ। दोनों की अलग–अलग ढेरी बना लो। 5 कंकड़ निकालो। इनमें कितनी पत्तियाँ जोड़ें कि कुल 8 हो जायें?

3 पत्तियाँ डालनी पड़ेंगी। यह हुआ 8 का एक जोड़। क्या ऐसे और भी जोड़ बन सकते हैं?

अच्छा अब 2 कंकड़ लो। इनमें 6 पत्तियाँ डालो। जोड़ कितना हुआ?

कितनी तरह से जोड़ कर 8 बना सकते हो? तीन तरह से या चार तरह से या और भी ज़्यादा? अलग–अलग संख्या में कंकड़ लो और पत्तियाँ जोड़ कर 8 बनाओ और पट्टी पर लिखो।

कंकड़



5 + 3

पत्तियाँ



चीज़ें

पत्ती और कंकड़ से 9, 6, 12, 15 के लिये जोड़े बनाओ और अंकों में लिखो।


जैसे : 4 + 5 = 9

3 +..... = 9


- और किन–किन चीजों से ये वाला खेल खेला जा सकता है? (जैसे–तीली, चिएं, आदि) उन्हें लाकर इसी तरह के जोड़े बना कर खेलो।

# शिकार

एक रात को कल्लू मल्लाह की नाव में बिल्ली छिपी बैठी थी। एक उल्लू उड़ कर आया और नाव के किनारे बैठ गया।



बिल्ली उस पर झपटी।
उल्लू उड़ गया और
बिल्ली पानी में जा गिरी।




उल्लू उड़ गया।
कौआ उड़ गया।
टिल्लू उड़ गया।
चिड़िया उड़ गई।
हाथी उड़————।
चूहा उड़————।
मैना उड़————।
मछली उड़————।

- उड़ का खेल खेलो।


## रास्ते

रास्ते पर चलकर सही चित्र के नीचे जोड़ लिखो।




- ऐसे और भी अभ्यास स्लेट पर करो। दोस्तों के साथ खेलो।

# नाम लिखो



ऊपर वाले पन्ने के चित्रों को देखो।

हर एक चित्र का नाम छांट कर चित्र के नीचे लिखो।


प से शुरू होने वाले नामों के चित्रों में पीला रंग भरो।
एक ही अक्षर से शुरू होने वाले और भी शब्द हैं। उनमें भी एकसा रंग भरो।

**छांटकर लिखो**


कौनसी चीज़ कहां

| घर के अंदर | घर के बाहर |
|---|---|
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |

# रुप्पा खेल



- क्या तुम ऊपर जैसी आकृतियाँ बना सकते हो? इन्हें रुप्पे घिस कर या कागज़ फाड़कर बनाओ। गीली मिट्टी से भी बना कर सुखा सकते हो।
- इनको जमाकर और नई आकृतियाँ बनाओ।

जैसे 

- बाहर से लकड़ी की काड़ियाँ या सींक बीनकर लाओ। इन सींकों को आकृतियों में जमाओ। सींकों से चीजें बनाओ।
- रेत, मिट्टी पर उंगली से ऐसी और भी आकृतियाँ बनाओ।
- तुमने जो चीज़ें बनाई, उनके नाम पट्टी पर लिखो।

# जोड़ो और सही जोड़ी मिलाओ

| | | |
|---|---|---|
| 1+2 | 4 | 2+2 |
| 8+1 | 7 | 6+3 |
| 2+3 | 6 | 2+1 |
| 3+1 | 8 | 4+1 |
| 5+2 | 9 | 6+1 |
| 2+4 | 5 | 3+3 |
| 7+1 | 3 | 4+4 |

और भी ऐसे जोडे लिखो

$4 + 1 = 5$

$2 + 3 = 5$

- बाहर से कंकड़ लाओ। बीच वाले गोलों पर उतने ही कंकड़ रखकर ढेरी बनाओ जितना उनपर अंक लिखा है।
- हर ढेरी को कितनी तरह से दो हिस्सों में बाँट सकते हो।

# सांप और बंदर

● चित्र देखकर सही वाक्य पर निशान लगाओ। सही वाक्य पट्टी पर उतारो।



बंदर ने लोटा उठाया।

बंदर ने टोकरी उठाई ।




चूहे को टोकरी से ढँक दिया।

साँप को टोकरी से ढँक दिया।



बंदर टोकरी पर शान से बैठा।

बंदर टोकरी पर खड़ा है।



साँप ने बंदर को काटा।

बंदर ने साँप को काटा।



बंदर हँस रहा है।

बंदर की पूँछ सूज गई।

● पुस्तकालय की किताबों के चित्र देखो। चित्रों पर एक टोली एक सही, एक गलत वाक्य बोले। दूसरी टोली सही वाक्य छाँटे।

# पढ़ो, बनाओ और गिनो


छह चिड़ियाँ
6 


बारह पत्तियाँ
12 

चौदह तिकोन
14 

सात गेंदें
7 

आठ फूल
8 

सोलह चौकोर
16 

बीस पेड़
20 

दस चूहे
10 

- पट्टी पर गिनकर और भी चीज़ें बनाओ। (जैसे 8 गिलास, 6 हाथी)
- बाहर से कंकड़, चूड़ी के टुकड़े, चिए या कोई और छोटी–छोटी चीज़ें ले आओ। अपनी बनाई चीज़ों पर रखकर गिनती की जाँच करो।
- कौन सी सबसे कम हैं, उससे अधिक———संख्याओं को कम से ज़्यादा में जमाकर पट्टी पर लिखो।